एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 20 सितंबर 2023 को ‘Alumni Association’ के द्वारा सेमिनार हॉल में एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विस्तार व्याख्यान में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा श्रीमती डिंपल ने महाविद्यालय में बिताए गए अपने सुंदर क्षणों को सांझा किया व कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जुनूनियत के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विस्तृत तौर पर अपने कार्य में ‘सौ प्रतिशत निष्ठा व लगन के साथ लक्ष्य को प्राप्त करो’ के सिद्धांत पर बल दिया। श्रीमती डिंपल स्वरोजगार के तौर पर ब्यूटी पार्लर का कार्य करती है। उनका मुख्य रुझान नृत्य के प्रति है और उन्होंने छात्राओं को बताया कि नृत्य विधा में महाविद्यालय का नाम हमेशा जाना जाता रहा है। आप सभी भी इस नृत्य विधा में तन्मयता के साथ कार्य करेंगे तो हिंदू कन्या महाविद्यालय का नाम हरियाणा मे स्थापित होगा। इस कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर क्यूटी, श्रीमती नीलम व डॉक्टर सुषमा गर्ग के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉक्टर पूनम मोर ने मुख्य अतिथि डिंपल का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया व इसी तरह से भविष्य में छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती तनु, श्रीमती अनु की उपस्थिति गरिमापूर्ण रही।



न्यूज एक्सप्रेस

विस्तार व्याख्यान का आयोजन

जींद : अल्यूमन एसोसिएशन के द्वारा सेमिनार हॉल में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डिपल ने अपने अतिथि विस्तार व्याख्यान के द्वारा कॉलेज में बिताए गए सुंदर क्षणों को सांझा क्रिया व कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जुनूनियत के साथ कार्य हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में विस्तृत तौर पर अपने कार्य में '100 प्रतिशत, निष्ठा व लगन के साथ लक्ष्य को प्राप्त करो' सिद्धांतों पर बल दिया। डिपल स्वरोजगार के तौर पर ब्यूटी पार्लर का कार्य करती है। उनका मुख्य गुण डांस के प्रति रुझान है और उन्होंने छात्राओं को बताया कि नृत्य विधा में महाविद्यालय का नाम हमेशा जाना जाता रहा है।